# कैसे होगी तेरे होते मेरी हार सांवरे भजन लिरिक्स

कैसे होगी तेरे होते,
मेरी हार सांवरे,
बनकर के माझी चला रहा,
तू मेरी नाव रे,
कैसे होंगी तेरे होते,
कैसे होंगी तेरे होते।**bd**।

[तर्ज – आ जाओ भोले बाबा।]

---

मेरे लिए तो बंद थी,
दुनिया की सब राहे,
दुनिया की सब राहे,
हारे को जीत दिलाई,
फैलाकर तूने बाहें,
फैलाकर तूने बाहें,
वो सूख गए दर्दो गम के,
दुनिया के घाव रे,
बनकर के माझी चला रहा,
तू मेरी नाव रे,
कैसे होंगी तेरे होते,
कैसे होंगी तेरे होते।**bd**।

---

रहता तू मुझसे दूर है,
पर दिल से दूर नहीं,
पर दिल से दूर नहीं,
तेरे रहते मेरे बाबा,
अब तो मैं मजबूर नहीं,
अब मैं मजबूर नहीं,
मेरे सर पर हमेशा रखता,
तू प्यार की छांव रे,
बनकर के माझी चला रहा,
तू मेरी नाव रे,
कैसे होंगी तेरे होते,
कैसे होंगी तेरे होते।**bd**।

---

हमदम बस अब तो तू मेरा,
और तू ही हमसफर,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

और तू ही हमसफ़र,
मैं बड़ी हूं किस्मत वाली,
मुझ पे तेरी है नजर,
मुझ पे तेरी है नजर,
इस ‘श्याम’ के पास है केवल,
भजनों के भाव रे,
बनकर के माझी चला रहा,
तू मेरी नाव रे,
कैसे होंगी तेरे होते,
कैसे होंगी तेरे होते।**bd**।

---

कैसे होंगी तेरे होते,
मेरी हार सांवरे,
बनकर के माझी चला रहा,
तू मेरी नाव रे,
कैसे होंगी तेरे होते,
कैसे होंगी तेरे होते।**bd**।

**Singer – Puja Nathani**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com